# मीटर लगाने गई टीम से भिड़ीं महिलाएं: पुलिस के साथ की धक्का-मुक्की, लोगों ने अभद्रता का लगाया आरोप, गांव में फोर्स तैनात





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना बमरौली कटारा क्षेत्र के गांव मदरा में टोरेंट पावर द्वारा ग्रुप मीटर लगवाने का ग्रामीणों ने विरोध किया। बड़ी संख्या में महिलाएं निकल आईं। हंगामे की सूचना पर पुलिस और पीएसी भी पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों की तकरार भी हुई। महिलाओं और पुलिस में धक्का मुक्की भी हुई। ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया है। गांव में तनाव का माहौल है।

**4 दिन पहले भी महिलाओं ने किया था विरोध**

बमरौली कटारा क्षेत्र का गांव मदरा है। यहां पर टोरेंट द्वारा पुराने मीटर बदलकर नए मीटर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टोरेंट ग्रुप मीटर लगा रही है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। चार दिन पहले भी टोरेंट पावर के अधिकारी मीटर लगाने आए थे, उस समय भी ग्रामीणों ने मीटर नहीं लगने दिए थे। तब भी पुलिस आई थी। इसमें तय हुआ था कि थाने पर ग्रामीण और टोरेंट के अधिकारियों के बीच में वार्ता कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। मगर, अधिकारियों संग मीटिंग नहीं हो सकी। इसके बाद शनिवार सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में टोरेंट के कर्मचारी और पुलिस गांव में पहुंची गई। उन्होंने मीटर लगाने का प्रयास किया। इस पर ग्रामीणों ने विरोध किया। पूरे गांव के लोग एकजुट हो गए। महिलाएं भी सामने आ गईं। काफी देर तक हंगामा हुआ। हंगामा बढ़ता देख पीएसी भी बुला ली गई।

**लोगों ने पुलिस पर अभद्रता का लगाया आरोप**

टोरेंट के कर्मचारियों ने मीटर लगाने का प्रयास किया तो महिलाओं ने रोक दिया। इसको लेकर महिलाओं की लेडिज पुलिस के साथ तकरार भी हुई। उनके बीच धक्का मुक्की भी हुई। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने अभद्रता की और लाठी चार्ज किया। इसमें कई ग्रामीणों को चोट आई है।


गांव में तनाव पूर्ण माहौल है। फोर्स और पीएसी तैनात है। ग्रामीणों का कहना है कि वो किसी भी कीमत पर मीटर नहीं बदलने देंगे। नए मीटर लगाने के नाम पर टोरेंट पावर ग्रामीणों का शोषण करने की तैयारी कर रही है। इन मीटर के माध्यम से कभी भी कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद फिर कनेक्शन जुड़वाने के लिए टोरेंट को 600 रुपए का भुगतान करना होगा।

# दो करोड़ 24 लाख से होगा अछनेरा बस स्टैंड का कायाकल्प

## विधायक चौ बाबूलाल ने सीएम को लिखा था पत्र, धनराशि हुई स्वीकृत

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** 2 करोड़ 24 लाख रुपए से होगा बस स्टैंड अछनेरा का कायाकल्प। फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक चौधरी बाबूलाल की मेहनत आखिरकार रंग ले आयी। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा अछनेरा में सरकारी बस स्टैंड की हालत काफी खराब थी। सुविधाओं के अभाव की बजह से यहां से बसों का संचालन भी ठीक से नही हो पाता है। काफी समय से विकास खंड अछनेरा क्षेत्र के लोग बस स्टैंड के कायाकल्प की माँग कर रहे थे। इसके बाद विधायक चौ. बाबूलाल ने 21 अगस्त 2024 व 17 मार्च 2025 को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दो बार पत्र लिखकर उक्त समस्या के बारे में अवगत कराते हुये जीर्णोद्धार हेतु धन आवंटन की मांग की थी। विधायक चौधरी बाबूलाल के पत्र का संज्ञान लेते हुये माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 करोड़ 24 लाख रुपए की धनराशि अछनेरा बस स्टैंड के लिए स्वीकृत कर दी है। अब जल्द ही बस स्टैंड का कायाकल्प होगा और शहर के बस स्टैंड जैसी



मूलभूत सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र में भी देखने को मिलेंगी। वही विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि विकास किया है। विकास करेंगे। क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत करते रहेंगे।

# औद्योगिक इकाइयों में टीबी एवं एचआईवी की विशेष स्क्रीनिंग, सीएमओ ने की टीबी-एचआईवी की समीक्षा

**अलीगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में शनिवार को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य श्रमिकों को क्षय रोग (टीबी) एवं एचआईवी के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते संभावित रोगियों की पहचान कर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित कराना है।

**शनिवार को आयोजित प्रमुख शिविर :**

मैसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, ग्राम करसुआ में कुल 108 श्रमिकों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें एक व्यक्ति को सीबी-नाट जाँच एवं एक को एक्स-रे के लिए सलाह दी गई। शिविर में टीम सदस्य अरविन्द कुमार, रणवीर सिंह, गिरीश कुमार, अनुरोध कुमार, श्रीमती अखिलेश यादव उपस्थित रहे। वेव डिस्टिलरीज, साधु आश्रम हरदुआगंज) में 152 श्रमिकों की स्क्रीनिंग की गई। लक्षणयुक्त 7 संभावित व्यक्तियों को सीबी-नाट जांच के लिए डिब्बी प्रदान की गई। मौके पर स्वास्थ्य टीम से फैसल, शैलेन्द्र गौतम, मुकेश शर्मा, विकास उपस्थित रहे। शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल एवं समृद्धि साइट पर 67 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 3 संभावित व्यक्तियों को सीबी-नाट जांच के लिए डिब्बी दी गई और 20 व्यक्तियों को एक्स-रे के लिए चिन्हित किया गया। साथ ही 20 व्यक्तियों की एचआईवी जांच भी की गई। भोले बाबा डेयरी में आयोजित



शिविर में 75 श्रमिकों की टीबी एवं एचआईवी स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 4 संभावित व्यक्तियों को सीबी-नाट जांच के लिए डिब्बी दी गई एवं 1 को एक्स-रे के लिए सलाह दी गई। मौके पर स्वास्थ्य टीम से भुवनेश कुमार, अवनेन्द्र, अरविंद, डेविड, वैभव, लोधा टीम से डॉ. एम.एस. अंसारी एवं टीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

**सीएमओ ने की समीक्षा बैठक :**

टीबी गतिविधियों की प्रगति की निरंतर समीक्षा के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी द्वारा शनिवार को सायंकाल सभी टीबी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए केस खोज, उपचार आरंभ, निक्षय पोषण योजना, संपर्क परीक्षण व जनजागरूकता गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। टीबी एवं एचआईवी की समय से पहचान जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही, फील्ड स्टाफ की नियमित समीक्षा और मार्गदर्शन अभियान की सफलता में अहम भूमिका निभाता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से टीबी के संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें निःशुल्क जांच एवं इलाज उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। टीबी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (टीबीएचवी) की मेहनत सराहनीय है। जिला कार्यक्रम समन्वयक सतेंद्र कुमार ने कहा कि श्रमिकों तक स्वास्थ्य सेवाओं की सीधी पहुँच और उनकी जागरूकता में वृद्धि के लिए हमारी टीमें निरंतर प्रयासरत हैं। सभी टीयू की सहभागिता और फील्ड स्टाफ का समर्पण प्रशंसनीय है।



# जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्तागणों ने किया योग

**अलीगढ़।** जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार की अध्यक्षता में जिला जज आवास पर बने गेस्ट हाउस में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षक जगदीश सारस्वत की देख-रेख में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला न्यायाधीश ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों को विश्वभर में प्रचारित करना है। योग भारत की प्राचीन परंपरा है जो तन और मन को संतुलित रखने में सहायक है। इस दिन देश-विदेश में लाखों लोग सामूहिक योग सत्रों, प्रतियोगिताओं और जागरूकता अभियानों में भाग लेते हैं। योग, आज एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन बन चुका है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रणधीर सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण जय सिंह पुण्ढ़ीर, अपर जिला जज संजय यादव, अपर जिला जज प्रथम हरविन्द सिंह कोर्ट समेत अन्य न्यायिक अधिकारी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बरसाती पुलिया बाधित होने से गांव बैंमन में जलभराव: ग्रामीणों ने एसडीएम किरावली को सौंपा ज्ञापन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** तहसील किरावली क्षेत्र के गांव बैंमन में बरसाती पुलिया के जलनिकासी मार्ग के रुकने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। संभावित संकट को देखते हुए ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी नीलम तिवारी को एक शिकायत पत्र सौंपकर समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बैंमन से बसेरी चाहर मार्ग पर स्थित बरसाती पुलिया का पानी सामान्यतः आगे बह जाता था, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा योजना के तहत चकमार्ग पर मिट्टी डालकर निकासी मार्ग बंद कर दिया गया है। इससे पानी अब सड़क के ऊपर से बहते हुए गांव की ओर लौट रहा है, जिससे बैंमन गांव में जलप्लावन की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि



शीघ्र जल निकासी मार्ग को बहाल नहीं किया गया तो गांव में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो सकता है। ज्ञापन में उन्होंने एसडीएम नीलम तिवारी से संबंधित मार्ग को तत्काल खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन देने बालों में अतर सिंह, छिद्दी, नीरेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, गुलाब सिंह, यशपाल, फूल सिंह, रतन सिंह, रामबाबू, सतेंद्र सिंह, मायाराम, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह ओर भूदेव सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# मंत्री ने गौआश्रय स्थल ताहरपुर का किया स्थलीय निरीक्षण, गर्मी से राहत के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

## गौशालाओं में समुचित देखभाल सुनिश्चित करें-प्रभारी मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी

**अलीगढ़।** प्रदेश के मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने शनिवार को गौआश्रय स्थल ताहरपुर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार गौवंश संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मा0 मंत्री श्री चौधरी ने गौवंशों के लिए चारे-पानी, स्वच्छता, छायादार स्थल और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं सतत संचालित रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो और पशुओं की समुचित देखभाल प्राथमिकता पर की जाए। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने गाय को गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर गौसेवा का भी संदेश दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी ने अवगत कराया कि ताहरपुर गौशाला में वर्तमान में कुल 175 गौवंश संरक्षित हैं, जिन्हें जिओ टैग से चिह्नित किया गया है। गौशाला में हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता है, वहीं 300 कुंतल भूसा क्रय किया गया है एवं 10 कुंतल भूसा दान स्वरूप प्राप्त हुआ है। गौशाला के संचालन हेतु 4 केयरटेकर नियुक्त हैं और 1.2 हैक्टेयर चारागाह क्षेत्र गौशाला से संबद्ध है। सीवीओ ने यह भी बताया कि सहभागिता योजना के अंतर्गत 14 पशुपालकों को कुल 26 गायें प्रदान की गई हैं। साथ ही एसएफसी पूलिंग मद में 3 लाख की धनराशि उपलब्ध है, जिसका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिए।



# विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न, मंत्री जी ने दिए आवश्यक निर्देश

**अलीगढ़।** प्रदेश के मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें व जनपद अलीगढ़ के प्रभारी मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जनपद की विकास योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी, जब उनका लाभ पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुँचे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, जनता का हित सर्वोपरि है। शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा बैठक केवल औपचारिकता न बनकर परिणाम देने वाली हो। समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री जी ने जिले में विद्युत आपूर्ति और कानून व्यवस्था को लेकर विशेष चिंता जताई और जिलाधिकारी को सबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा है कि सभी विकास एवं निर्माण कार्य तेजी, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण हों। शासन और प्रशासन के समन्वय से ही आम जनता को वास्तविक लाभ मिल सकता है। मा0 मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में लिए गए निर्णयों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने डीएम व सीडीओ से कहा कि आगामी दो वर्षों की संभावित योजनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर प्रस्ताव तैयार कर शासन को शीघ्र प्रेषित किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के मध्य सतत संवाद बनाए रखा जाए। विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी जाए और शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने करते हुए बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त कर शासन को प्रेषित कर दिया गया है। नेडा को निर्देशित किया गया कि सभी ब्लॉकों में समान रूप से सोलर लाइटें लगाई जाएं। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मई माह तक 1632 सोलर रूफटॉप लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जनपद प्रथम स्थान पर रहा। डीडी एग्रीकल्चर ने बताया कि फसल बीमा योजना में 23143 किसानों में से 4118 किसानों को 354.19 लाख की धनराशि वितरित की गई। पीएम कुसुम योजना का लाभ 311 किसानों को प्राप्त हुआ। निःशुल्क बीज मिनी किट्स का वितरण मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जा रहा है। डे-एनआरएलएम लिंकेज योजना में 186 स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 3000 परिवारों द्वारा स्वप्रेरणा से सर्वे कराया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना में बंजारा एवं सपेरा समाज को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण संरक्षण के तहत शेखा झील की सफाई एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत यहीं से किए जाने के निर्देश दिए गए। सड़क मरम्मत के संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि 2000 किमी में ट्रेंच कटिंग की गई, जिसमें से 1800 किमी की मरम्मत पूर्ण हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने मरम्मत किए गए गांवों की सूची प्रस्तुत करने को कहा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4028359 लक्षित परिवारों में से 396777 परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बच्चों एवं वयस्कों में टीबी की गहन जांच कराने के निर्देश दिए गए। दुग्ध मूल्य भुगतान की समीक्षा में नई समितियों के गठन व दूध संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत 18.23 करोड़ में से 16.27 करोड़ व्यय किए गए हैं। एसबीएम फेस-2 में 84251 शौचालयों का निर्माण लक्ष्य से अधिक किया गया। पर्यटन विभाग के तहत तीन परियोजनाएं प्रारंभ हो चुकी हैं एवं दो जल्द आरंभ की जाएंगी। सामाजिक वनीकरण में जिले में 39 लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री जी ने पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत हुए कार्यों पर मंत्री जी एवं जनप्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया। सीवीओ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान में 31123 गोवंश संरक्षित हैं और कोई प्रमुख बीमारी नहीं फैली है। 106070 गोवंशों का कृत्रिम गर्भाधान किया गया। सहभागिता योजना में 2031 पशुपालकों को 5735 गौवंश प्रदान किए गए। श्रम विभाग की कन्या विवाह सहायता योजना में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है और जिले की स्थिति प्रदेश में शीर्ष पर है। ओडीओपी एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में शीघ्र मार्जिन मनी जारी किए जाने की जानकारी दी गई। मंत्री जी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाएं और विभिन्न विशेष दिवसों पर शिविर लगाकर अधिकाधिक जनमानस को लाभान्वित करें। जनपद प्रभारी मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति स्वयं को कानून से ऊपर न समझे। शासन की मंशा स्पष्ट है कि कानून व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मा0 मंत्री जी ने कहा कि शासन द्वारा जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता को त्वरित न्याय और राहत मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण एवं पुलिसिंग की बेहतर कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। साइबर फ्रॉड के मामलों में तत्परता से कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की धनराशि को शीघ्र वापस दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सोशल मीडिया और भ्रामक सूचनाओं पर रोक लगाने के लिए एक मजबूत सूचना तंत्र विकसित किया गया है।

अफवाह फैलाने वालों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। बैठक में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह, मा0 सांसद श्री सतीश गौतम, मा0 एमएलसी डॉ0 मानवेंद्र प्रताप सिंह, चौधरी ऋषिपाल सिंह, मा0 विधायक छर्रा श्री रविंद्र पाल सिंह, मा0 विधायक खैर श्री सुरेंद्र दिलेर, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कृष्ण पाल सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा, जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, जिलाधिकारी संजीव रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा, उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण कुलदीप मीणा, एडीएम वित्त प्रमोद कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

रजिस्ट्री सं.: डी.एल.-33004/99 REGD. No.: D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-यू.पी.-अ.-18062025-263944
CG-UP-E-18062025-263944
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2643] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 17, 2025/ज्येष्ठ 27, 1947
No. 2643] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 17, 2025/JYAISTHA 27, 1947

**रेल मंत्रालय**
**[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]**
**अधिसूचना**
प्रयागराज, 16 अप्रैल, 2025

**का. आ. 2708 (अ).–** केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) एवं रेलवे संशोधन अधिनियम 2008 (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, वह भूमि, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, उत्तर मध्य रेलवे की विशेष रेल परियोजना, उत्तर प्रदेश राज्य के जिला हाथरस में मौजूदा नई दिल्ली-हावडा (कानपुर-लखनऊ सहित), मार्ग पर गतिसीमा को 160 किमी प्रति घण्टा/200 किमी प्रति घण्टा करने की परियोजना के लिए सब सेक्शनिंग व पैरललिगं पोस्ट (SSP) का निर्माण किये जाने हेतु, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की दिनांक से तीस दिन की अवधि के अन्तर्गत, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप-धारा (1) के अधीन उपर्युक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के सम्बन्ध में आक्षेप कर सकेगा।

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् उप जिलाधिकारी/सासनी/वि0भू0 अ0अ0 हाथरस, उत्तर प्रदेश को लिखित रूप में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित होंगे और सक्षम प्राधिकारी, ऐसे आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी कोई जाँच, जिसे वह उपयुक्त समझे, अपने आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20घ (3) के अनुसार, धारा 20घ की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी अर्थात् उप जिलाधिकारी/सासनी/वि0 भू0 अ0 अ0 हाथरस के कार्यालय मे उपलब्ध हैं और हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**उत्तर मध्य रेलवे की विशेष रेल परियोजना, उत्तर प्रदेश राज्य के जिला हाथरस में मौजूदा नई दिल्ली-हावडा (कानपुर-लखनऊ सहित), मार्ग पर गतिसीमा को 160 किमी प्रति घण्टा/200 किमी0 प्रति घण्टा करने की परियोजना के लिए जाने वाली भूमि का संरचना सहित या उसके रहित, संक्षिप्त विवरण।**

जिला- हाथरस राज्य- उत्तर प्रदेश

| क्रम सं. | तहसील | परगना | ग्राम | खसरा सं0 | अर्जन के लिए प्रस्तावित क्षे0 (हे0 में) | भूमि की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | हाथरस | हाथरस | पुराकलां | 385 | 0.0151 | कृषि भूमि |
| 2 | हाथरस | हाथरस | पुराकलां | 389 | 0.0219 | कृषि भूमि |
| 3 | हाथरस | हाथरस | पुराकलां | 390 | 0.0180 | कृषि भूमि |
| | | | | योग | 0.0550 | |
| | | | कुल योग | | 0.0550 | |

[ई.फा.सं.-एन.सी.आर.-एच.क्यू.शून्य.सी.ई.एल.ई.(मिस्क)/133/2023-ओ./ओ.डिप्टी.सी.ई.ई./कांस्ट/सी.एन.बी. कम्प्यूटर सं. 98960)]

1061/25(A) विपिन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रियों को दी जाएगी एक लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के उन मूल निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाते हैं। सरकार ऐसे यात्रियों को अधिकतम एक लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। यह सहायता यात्रा पूर्ण कर लौटने वाले श्रद्धालुओं को धर्मार्थ कार्य विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दी जाएगी। प्रदेश सरकार का यह कदम उन श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत है, जो आर्थिक सीमाओं के कारण इस अत्यंत पावन यात्रा की योजना नहीं बना पाते थे। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए इच्छुक यात्रियों को यात्रा पूर्ण होने के 90 दिनों के भीतर www.updharmarthkarya.in वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ यात्रा पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, टिकट और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदन पत्र में कोई त्रुटि पाई जाती है या दस्तावेज अपूर्ण होते हैं, तो ऐसे आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। वहीं, आवेदन केवल उन्हीं यात्रियों का स्वीकार किया जाएगा जिन्होंने यात्रा वास्तव में पूर्ण की है। यात्रा से पूर्व या यात्रा रद्द हो जाने की स्थिति में कोई भी आवेदन मान्य नहीं होगा। महिला यात्रियों के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि यदि वे पूर्व में अपने पति अथवा अभिभावक के साथ अनुदान प्राप्त कर चुकी हैं, तो उन्हें पुनः यह सहायता नहीं दी जाएगी। शासन ने यह भी निर्धारित किया है कि किसी भी व्यक्ति को जीवन में केवल एक बार ही यह अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह सहायता सम्बंधित वित्तीय वर्ष में ही दी जाएगी, जिसमें यात्रा पूर्ण की गई हो। समस्त स्वीकृति प्रक्रिया धर्मार्थ कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय राज्य के श्रद्धालु नागरिकों को धार्मिक यात्राओं के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

**कार्यालय जिला पंचायत, आगरा।**

पत्रांक 1212/नि0अनु0/जि0प0आ0/2025-26 दिनांक 21/06/2025

**संशोधित निविदा/ई-निविदा सूचना**

**(प्रारम्भ तिथि 08.07.2025, अन्तिम तिथि 14.07.2025)**

जिला पंचायत, आगरा के संशोधित पत्रांक 1090/नि0अनु0/जि050आ0/2025-20 दिनांक 11.08.2025 द्वारा अंकन 10:00 लाख रूपये तक की 37 निविदायें प्रपत्रों की विकी दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक की जानी थी, जो दिनांक 25.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जानी थी। ई-निविदाएँ दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 को समय 12:00 बजे तक हाले/अपलोड की जानी थी व ई-निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निर्धारित समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत में खोली जायेंगी जानी थी।

मात अध्यक्ष महोदया के निर्देशानुसार निविदा/ई-निविदाएँ दिनांक 08.07.2025 से दिनांक 14.07.2025 के समय 12:00 बजे तक डाले/अपलोड की जा सकेंगी। साधारण निविदा दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह 03¬00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निर्धारित समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत में खोली जायेंगी। 43 ई-निविदाओं की तकनीकी बिद्ध दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 01¬00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निर्धारित समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, आगरा में खोली जायेंगी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के सम्बन्ध में पृथक से सूचित कर दिया जायेगा। कुल 80 निर्माण कार्यों का विवरण, शर्तों की विस्तृत जानकारी एवं सम्बन्धित आगामी सूचना कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में एवं https://etender.up.nic.in व www.agra.nic.in. से देखी / प्राप्त की जा सकती है।

ई-निविदाओं की सूचियां कार्यालय के पत्रांक 808/नि0अनु0/ जि0पं0आ0/2025-26 दिनांक 17.08.2025 द्वारा उक्त वेबसाइटों पर अपलोड की गई थी उनमें भी उक्तानुसार संशोधन किया जाता है तथा इनमें उक्त दिनांकों को निविदा डालने व खोलने वाली दिनांकों पढ़ी जायें।

**(देवेन्द्र सिंह)** अभियन्ता, जिला पंचायत, आगरा।

**(उमेश चन्द)** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, आगरा।

**(डा. मंजू मदौरिया)** अध्यक्ष, जिला पंचायत, आगरा।

# नियमित अभ्यास से होगा शारीरिक संतुलन और लचीले पन में सुधार - योग गुरु वी. पी. शुक्ल

## अंतर्राष्टीय योग दिवस पर विशाल योग शिविर का आयोजन

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शमशाबाद रोड स्थित श्रीराम फार्म हाउस पर भारतीय योग संस्थान और समत्व फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में योग गुरु वी. पी. शुक्ला ने साधकों को ताड़ासन कटिचक्रासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, मर्कटासन पवनमुक्तासन, एवं अनुलोम विलोम कपालभाति एवं भ्रामरी का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास से शारीरिक संतुलन और लचीलेपन में तेज़ी से सुधार होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मधुसूदन शर्मा और ब्रह्मकुमारीज आश्रम की जॉन सचिव बीके अश्वनी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कवि दिनेश अगरिया ने सरस्वती वंदना की। इंटरनेशनल योगा ट्रेनर कमलजीत कौर ने जुम्बा नृत्य योगा एवं मैडिटेशन कराकर समा बांध दिया। संस्था की ओर से कार्यक्रम में आसन और प्राणायाम की भिन्न भिन्न सुंदर आकृतियां के चित्रों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। अनिष्का एवं आकृति द्वार निर्मित योगा सेल्फी पॉइंट पर सभी ने सेल्फी का लुत्फ़ लिया। समत्व फाउंडेशन के अध्यक्ष लाल सिंह धाकरे संस्थापक रमन गुप्ता और और संरक्षक रजनीकांत लवानिया और रामसेवक गोस्वामी ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारीज जॉन सचिव बीके अश्विना दीदी विशिष्ट अतिथि इंटरनेशनल साइकिलिस्ट प्रमोद कटारा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाग संघ चालक नाथूराम भारद्वाज और कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश लोधी को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने योगा पोस्टर एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। योग गुरु बी पी शुक्ला, इंटरनेशनल योगा ट्रेनर कमलजीत कौर को श्री कृष्ण दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रीनाथजी सेवा धर्मार्थ ट्रस्ट के संयोजक पवन अग्रवाल और राजकुमार अग्रवाल ने देहदानी रमन गुप्ता, आरती शर्मा, नेत्रदानी लक्ष्मी गुप्ता और सविता गुप्ता को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश अगरिया ने किया और बताया कि हमारी संस्था समत्व फाउंडेशन योग को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रही है साथ ही अन्य सेवा प्रकल्पों जैसे रक्तदान, देहदान और नेत्रदान के साथ साथ थैलीसीमिया जैसे प्रकल्पों भी चला रही है। हम इसी तरह हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को महोत्सव के रूप में मनाते हैं। हमारी संस्था हजारों लोगो को योग से जोड़ चुकी है। विशिष्ट रूप से आये अमर भाई सुभाष झा को सम्मानित किया। मुख्य रूप से उमेश वर्मा राघवेंद्र शर्मा, डॉ वी के शर्मा, एम पी सिंह, हरिओम प्रधान, संजीव दीक्षित, कमलजीत धाकरे, संजय शर्मा, सुमन गुप्ता, रानी सेठी, नरेंद्र चौहान, योगाचार्य देवकीनन्दन शर्मा, नरायन सिंह, अनुराधा सिंह, कनु शुक्ला, संध्या रानी सुरभि, बेशाली, बीना सिंह, अंजना त्यागी, गरिमा जैन, सुमन गुप्ता, आरती शर्मा, आकृति , वैष्णवी, अनिष्का अथर्व गौड़, सार्थक गौड़, यश गुप्ता आदि ने व्यवस्थाये मौजूद रहे।

# 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिम कॉर्बेट पब्लिक स्कूल ने छात्रों को सिखाए योग




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** गैलाना रोड़ स्थित जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल आगरा में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस थीम ÷योग फॉर वन अर्थ वन हैल्थ, के संकल्प के साथ शुभारंभ मुख्य अतिथि डायरेक्टर डॉ मीना सिंह राघव ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। संस्थापक ई0 आर के सिंह राघव ने कहा कि भारत भूमि ऋषि मुनियों की भूमि है। आदि योगी भगवान शिव ने अपने शिष्यों को आज ही के दिन योग के जान देना शुरू किया था।यह दिन योग का उद्गम भी कहलाता है। इस खगोलीय एवं आध्यात्मिक महत्व के कारण ही 21 जून को अंतरराष्टीय योग दिवस के लिए चुना गया।उन्होंने आगे कहा कि अंतराष्टीय योग दिवस का विचार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा। प्रस्ताव को 193, में से 177 का देशों का जबरदस्त समर्थन मिला। पहला दिवस 21 जून 2015 मनाया गया।तब से लगातार पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर संस्थापक ई आर के सिंह राघव, सहायक आयुक्त श्री नरेंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ सेना अधिकारी ई महेश चंद्र डा देवराज सिंह, प्राचार्य प्रवीण कुलश्रेष्ठ, उप प्रधानाचार्य दीपक धाकरे, रजनी कुलश्रेष्ठ, रामबीर परमार, आशीष मंडल, मुश्ताक, विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। योग शिक्षक अजीत प्रताप सिंह ने सभी को योग अभ्यास कराया।

# यूपीसीए ने एक बार फिर आगरा के खिलाड़ियों से किया सौतेला व्यवहार

### आगरा के खिलाड़ियों ने कहा- अगर ऐसा व्यवहार हुआ तो DCAA का करेंगे विरोध
### डीसीएए साथ नहीं देती इसलिए आगरा के खिलाड़ी दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आईपीएल की तर्ज पर खेली जा रही यूपीपीएल का दूसरा सत्र शुरू होने जा रहा है, जिसमें की बड़े दुख का विषय है कि आगरा से एक भी खिलाड़ी उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में नहीं खेल रहा है। जबकि बात की जाए आगरा की तो आगरा ने देश को 6 अंतर्राष्टीय खिलाड़ी दिए हैं, उसके बावजूद भी यूपीपीएल में आगरा के खिलाड़ियों को दर किनार किया है। जबकि आगरा से लगे शहर मेरठ की तो मेरठ के खिलाड़ियों को यूपीपीएल में वरीयता ज्यादा दी गई है। अब इस पर सवाल उठाने शुरू हो गए हैं। आगरा के खिलाड़ियों का कहना है कि मेरठ के खिलाड़ी मुश्ताक अली, विजय हजारे, रणजी ट्रॉफी में भी यूपी की टीम में अधिक खेलते हैं। क्योंकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ( PCA ) की कमेटी में मेरठ के पदाधिकारी उच्च पदों पर विराजमान है। इसीलिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में मेरठ के खिलाड़ियों का दबदबा है। अब बात की जाए आगरा के दो खिलाड़ी जो विगत वर्षों में अंडर 16, अंडर 19, 23, मुस्ताक अली रणजी ट्रॉफी में यूपी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ऐसे खिलाड़ियों को यूपीसीए ने बिल्कुल दरकिनार कर दिया है। आगरा के खिलाड़ियों का कहना है कि जैसे मेरठ की संगठन अपने खिलाड़ियों को महत्व देती है। वही आगरा क्रिकेट एसोसिएशन अपने खिलाड़ियों को महत्व नहीं दे रही है, इसीलिए पिछले कई वर्षों से अंडर 14, 16, 19, अंडर 23, मुस्ताक अली विजय हजारे रणजी ट्रॉफी में आगरा के खिलाड़ी नहीं खेल पाते हैं इसी का कारण है कि आगरा से आगरा के ही खिलाड़ी दूसरे प्रदेश में पलायन करने को मजबूर है।

# हिन्दू महासभा ने मुस्लिम महिला की कराई घर वापसीः मंत्रोच्चार के साथ गंगाजल से कराया सुध्दीकरण

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने घर वापसी ( शुद्धिकरण ) अभियान के तहत आज एक मुस्लिम महिला की घरवापसी करवाई। वाराणसी निवासी मुस्लिम महिला नेहा परवीन ने 19 जून को घर वापसी शुद्धिकरण अभियान समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र स्वामी को आवेदन पत्र देकर स्वेच्छा से हिन्दू धर्म में घरवापसी करवाने का अनुरोध किया था। नेहा परवीन के आवेदन पर हिन्दू महासभा के राष्टीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी से विचार विमर्श करने के बाद आज शाम दरिया गंज के प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई । हिन्दू महासभा के राष्टीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि प्राचीन दुर्गा माता मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार से नेहा परवीन का शुद्धिकरण कर उन्हें हिन्दू धर्म में दीक्षित किया। पुजारी ने मुस्लिम महिला को गंगाजल और गौमूत्र का अमृतपान करवाकर उनकी शुद्धिकरण प्रक्रिया पूर्ण की। हिन्दू धर्म में दीक्षित होते ही मुस्लिम महिला ने अपने नाम नेहा के बाद लगने वाले परवीन नाम का परित्याग कर स्वयं की पहचान नहीं घोषित की। इस अवसर पर हिन्दू महासभा के राष्टीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्टीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता और घर वापसी शुद्धिकरण अभियान समिति के राष्टीय अध्यक्ष सुरेन्द्र स्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। राष्टीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि हिन्दू धर्म में घर वापसी करने के बाद नेहा ने कहा कि इस्लाम में बेटियों पर मजहबी पाबंदियों और पारिवारिक बंदिशों के साथ मांसाहार का अत्यधिक प्रचलन होने से उनकी इस्लाम धर्म में आस्था खत्म हो गई और उन्होंने इस्लाम को त्यागने का स्वैच्छिक निर्णय लिया। नेहा ने कहा कि महिलाओं को माता का स्वरूप मानकर उनकी उपासना करने की प्रवृति, महिलाओं को धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और सम्मान के गुण हिन्दू धर्म की सबसे बड़ी खूबसूरती है। हिन्दू धर्म की इसी खूबसूरती ने उन्हें हिन्दू धर्म में घर वापसी के लिए प्रेरित किया। हिन्दू महासभा के राष्टीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने नेहा को हिन्दू धर्म, हिन्दू संस्कृति, हिन्दू मान्यताओं, हिन्दू परंपराओं और हिन्दू देवी देवताओं की उपासना पद्धति के प्रति निष्ठावान रहने और वैदिक रीति नीति से अपनी शेष जीवन यात्रा पूर्ण करने का संकल्प दिलवाते हुए हिन्दू धर्म में घर वापसी पर उनका स्वागत अभिनंदन किया। नेहा ने हिन्दू धर्म में घर वापसी के बाद हिन्दू महासभा के राष्टीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्टीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता और सुरेंद स्वामी का आशीर्वाद लेकर हिन्दू धर्म में अपने नए जीवन का आरंभ किया।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना अब पड़ेगा महंगा

**आगरा।** पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार के निर्देशन में नगर जोन में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध चलाया जा रहा है विशेष अभियान। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा श्री दीपक कुमार के कुशल निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार को नगर जोन के समस्त थानों में सार्वजनिक स्थलों पर खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने वालों के विरूद्ध आगरा पुलिस द्वारा नगर जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाये जा रहे अभियान में 18 जून से 20 जून तक 1,159 व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई और 963 वाहनों का चालान किया गया और 64 वाहनों को सीज किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य केवल कार्यवाही करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें सुधार की दिशा में प्रेरित करना भी है, इसी क्रम में, संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी किसी भी गतिविधि में लिप्त न होने की शपथ दिलाई गई, जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें । आगरा पुलिस का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा, जो न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस और प्रभावी कदम है।

| दिनांक | व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी वैधानिक कार्यवाही का विवरण | चालान किये गये वाहनो की सख्या | सीज किये गये वाहनो की सख्या |
|---|---|---|---|
| 18.06.2025 | 405 | 255 | - |
| 19.06.2025 | 389 | 299 | 48 |
| 20.06.2025 | 365 | 409 | 16 |
| कुल योग | 1,159 | 963 | 64 |

# ताजगंज के बसई में युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

### गले पर धारदार हथियार के निशान, दोनों हाथों की नसें कटी मिलीं, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** ताजमहल से कुछ किलोमीटर दूर ताजगंज थाना क्षेत्र की बसई चौकी अंतर्गत एक युवक का खून से लथपथ शव मिला है। घटनास्थल पर जुटी भीड़ और पुलिस टीम ने जब शव को देखा तो उस पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। मृतक की पहचान बिलाल के रूप में हुई है।

**धारदार हथियार से हत्या की आशंका**

शव सड़क किनारे पड़ा मिला और गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। युवक के दोनों हाथों की नसें भी कटी हुई थीं, जिससे पुलिस इसे निर्मम हत्या का मामला मानकर जांच में जुट गई है। शव की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों से हुई। मृतक का नाम बिलाल था और वह जगदीशपुरा थाना क्षेत्र का निवासी था। पुलिस ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**इलाके में दहशत, पुलिस जांच में जुटी**

घटनास्थल पर मौजूद लोगों में दहशत है। ताजगंज पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए हैं। प्रारंभिक जांच में मामला सुनियोजित हत्या का लग रहा है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बिलाल वहां कैसे पहुंचा और किसके साथ था।

**पुलिस को जल्द खुलासे की उम्मीद**

ताजगंज थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ के साथ ही मृतक के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

**सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश**

पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# श्रम विभाग का बाबू 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तारः आगरा में व्यक्ति से फाइल को पास करने के लिए रुपए मांगे थे, विजिलेंस ने पकड़ा

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** विजिलेंस की टीम ने श्रम विभाग के एक बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। पीड़ित की शिकायत पर विजिलेंस टीम पिछले कई दिनों से बाबू को ट्रेप करने की कोशिश कर रही थी। शनिवार को पीड़ित शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया। आरोपी को पहले थाना सदर ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उप श्रम आयुक्त कार्यालय जनपद आगरा में नियुक्त वरिष्ठ सहायक श्री प्रदीप वर्मा को 15,000/रूपये की रिश्वत लेते हुए सतर्कता अधिष्ठान, आगरा की टीम द्वारा शनिवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता श्री राज किशोर चौहान पुत्र स्वर्गीय श्री राम सिंह निवासी मोहल्ला गड़ा पचौरी थाना बाह आगरा द्वारा कस्बा बाह में बनाए गए दुकान व मकान में मजदूरों का रजिस्टर, कर्मकारों का रजिस्टर आदि के संबंध में उल्लंघन पर उप कर निर्धारण संग्राहक अधिकारी एवं सहायक श्रम आयुक्त आगरा द्वारा 28.12. 2024 को नोटिस निर्गत किया गया। दिनांक 21 मार्च 2025 को शिकायकर्ता श्री राज किशोर उपरोक्त को श्रम आयुक्त कानपुर द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया जिसकी प्रतिलिपि उप श्रम आयुक्त आगरा को प्रेषित करते हुए अधिष्ठान के नियोजक को तामील कराने तथा नियोजक से प्राप्त उत्तर का अपने स्तर से परीक्षण करते हुए आख्या कार्यालय श्रम आयुक्त कानपुर को उपलब्ध कराने का कष्ट करें अंकित किया गया। प्रार्थी के उक्त लंबित कार्य को करवाने के एवज में श्री प्रदीप वर्मा वरिष्ठ सहायक द्वारा 15,000/रू की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत के रूप में रू0 15,000 /श्री प्रदीप वर्मा को नहीं देना चाहता है बल्कि उन्हें रू0 15,000 //रिश्वत के देते समय रंगे हाथों पकड़वाना चाहता है। शिकायत की गोपनीय जॉच कराई गई। गोपनीय जांच में मामला सही पाये जाने के उपरांत आज 21 जून 2025 सतर्कता अधिष्ठान की ट्रैप टीम द्वारा श्री प्रदीप वर्मा वरिष्ठ सहायक को शिकायतकर्ता श्री राज किशोर चौहान से रू0 15,000 /(पन्द्रह हजार मात्र) का रिश्वत (उत्कोच) लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार करने के उपरांत श्री प्रदीप वर्मा वरिष्ठ सहायक उपरोक्त के विरूद्ध विरूद्ध थाना सदर जनपद आगरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। सतर्कता अधिष्ठान द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही कराई जाती है।

**इस नंबर पर दे सूचना**

यदि किसी लोकसेवक (राजपत्रित /अराजपत्रित / अन्य) द्वारा सरकारी कार्य के बदले रिश्वत की मांग की जा रही हो तो रिश्वत विरोधी हेल्पलाइन नं0-9454401864 पर शिकायत की जा सकती है।

# अवैध तमंचा लेकर घूमने वाले दो बदमाशों को किया गिरफ्तार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अवैध तमंचा व कारतूस लेकर घूमने वाले दो अभियुक्तों को थाना कमला नगर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। 20 जून 2025 की रात्रि में थाना कमला नगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग व क्षेत्र में पैदल गस्त की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त करन पुत्र सुसाराम को मनोहरपुर बहादुरपुर रोड़ पर पुराने देशी शराब के ठेके के पास से तथा अभियुक्त रविन्द्र पुत्र मुकेश को जनक पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया, दोनों अभियुक्तों के कब्जे से 01 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्तों से बरामद अवैध असलहा के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध दिनांक 20 जून को थाना कमला नगर पर क्रमशः मुकदमा संख्या 98/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मुकदमा संख्या 99/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों में. करन पुत्र सुसाराम निवासी लाल मस्जिद वाटर वर्क्स बल्केश्वर थाना कमला नगर और रविन्द्र पुत्र मुकेश निवासी लाल मस्जिद, वाटर वर्कस, बल्केश्वर थाना कमला नगर, है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त करन पर पहले से विभिन्न थानों में दस और अभियुक्त रविन्द्र पर पांच अपराधिक मामले दर्ज है।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष निशामक त्यागी, चौकी प्रभारी बुजविहार, अमित कुमार, चौकी प्रभारी कमला नगर, उप निरीक्षक विकास कुमार, उप निरीक्षक संदीप कुमार, उप निरीक्षक राकेश झा उप निरीक्षक निशान्त ढाका, कास्टेबल चितवन राणा शामिल रहे।

# तहसील किरावली में अधिवक्ताओं का विरोधः जलभराव और वाद पत्रावलियों की देरी समेत कई मुद्दों पर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** तहसील किरावली के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के बैनर तले एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष और महासचिव बृज मोरध्वज सिंह इन्दौलिया के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कई समस्याएं उठाईं। तहसील परिसर में जलभराव की समस्या सबसे प्रमुख मुद्दा है। इससे फैलने वाली दुर्गन्ध और प्रदूषण से अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशानी हो रही है। संचारी रोगों का खतरा भी बना हुआ है। तहसील प्रशासन इस समस्या से अवगत होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। न्यायालयों से वाद पत्रावलियों को लेकर भी गंभीर समस्या है। मांग पत्र भेजने के बाद भी कलेक्टर कार्यालय से कई महीनों तक पत्रावलियां नहीं भेजी जातीं। स्थानीय न्यायालय भी आर.आर.के. के खिलाफ कार्रवाई से बचते हैं, जिससे वादों का निस्तारण प्रभावित होता है। एसीपी कोर्ट में एक अन्य समस्या सामने आई है। धारा 126/135/170 बीनएसएस के तहत चालान होने पर, जमानत मिलने के बाद भी पुलिस अभियुक्तों को जेल भेज देती है। एसीपी न्यायालय के कर्मचारियों और थाना पुलिस के बीच कथित गठजोड़ से अधिवक्ताओं की छवि खराब होती है। इससे वादी और अधिवक्ता अपनी समस्याएं एसीपी के सामने नहीं रख पाते। अधिवक्ताओं ने इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

# जिला पंचायत बैठक की कार्यवाहियों का संचालन नियमावली के अनुसार जिला पंचायत सभागार में 23 जून को

### बोर्ड बैठक में उ0प्र0 क्षे0पं0/जि0पं0 अधिनियम में वर्णित विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों आदि पर होगा विचार विमर्श

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू भदौरिया जी की स्वीकृति के अनुक्रम में जिला पंचायत बैठक की कार्यवाहियों का संचालन नियमावली-1962 के अनुसार दिनांक 23.06.2.25 को पूर्वान्ह 11:30 बजे, जिला पंचायत सभागार, आगरा में बोर्ड बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत श्री उमेश चन्द ने देते हुए बताया है कि उक्त बैठक में गत बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार किया जायेगा। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि बैठक में उ0प्र0 क्षे0पं0/जि0पं0 अधिनियम-1961 में वर्णित विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित कार्यक्रमों, विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों, वित्तीय वर्ष-2025-26 की अनुपूरक कार्ययोजना, शासन के आदेश अनुक्रम में विभिन्न प्रकार के उद्योगों/व्यवसायों की लाइसेंस फीस की दरों में एकरूपता लाये जाने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित मॉडल बायलाज पर आपत्ति प्राप्त न होने के फलस्वरूप दरों को लागू किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाहियों तथा मेला श्रीबटेश्वरनाथ उपविधि दिनांकित 06, सितम्बर, 2020 में निर्धारित दरों में वृद्धि किये जाने हेतु समाचार पत्रों में प्रकाशित पर आपत्ति प्राप्त न होने के उपरान्त संशोधित दरों को लागू किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। साथ ही मा0 अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य बिन्दु यथा उ0प्र0 जिला पंचायत कार्यवाहियों का संचालन नियमावली के अनुसार मा0 सदस्य द्वारा किसी विषय में किसी भी विभाग से प्रश्न करने हेतु प्रश्न का उल्लेख करते हुए समयावधि 08 दिन पूर्व लिखित सूचना मा0 अध्यक्ष महोदया को दी जायेगी।

# फतेहपुर सीकरी में भागवताचार्य के घर चोरीः कथा के लिए बाहर थे स्वामी और पत्नी मायके, 20 हजार नकद व जेवरात ले गए चोर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** कस्बा फतेहपुर सीकरी पुलिस चौकी के अंतर्गत, एक भागवताचार्य के घर को चोरों ने निशाना बना लिया। जिसमें से वे मौका पाकर नगदी, गहने पार कर ले गए। बता दें कि, भागवताचार्य आशीष पाराशर के सूने घर से अज्ञात चोरों ने झीना के रास्ते घर में प्रवेश कर, कुंडी तोड़कर अलमारी में रखे 20 हजार नगदी और सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित भागवताचार्य आशीष पाराशर को जब घटना की जानकारी हुई, तो उन्होंने चोरी की सूचना थाना पुलिस को दी है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने, सीसीटीवी फुटेज व आसपास के ग्रामीणों से चोरी के बारे में जानकारी जुटाई। भागवताचार्य के अनुसार, वह कथा के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। वहीं उनकी पत्नी मायके में थी। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया। हालाँकि सूचना पर तत्काल हरकत में आई थाना पुलिस ने टीमें गठित कर, मामले के खुलासे में लग गई है। वहीं चोरी की घटना से कस्बा में भय व्याप्त है। पुलिस ने पीड़ित को आश्वस्त करते हुए, जल्द चोरों को पकड़ने की बात कही है।

# योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत किरावली में किया योग

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** योग दिवस पर ÷योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ÷ थीम के तहत नगर पंचायत किरावली के द्वारा वार्ड नं 13 स्थित मानसरोवर पार्क पर समस्त सभासद गण, कर्मचारियों के साथ संभ्रांत लोग व बच्चे ने योग किया योग गुरु डोरीलाल इंदौलिया ने बताया कि योग एक साधना है योग करने से इंसान स्वस्थ और दीर्घायु होता है यह एक ऐसी विद्या है जो तन, मन और आत्मा को संतुलन में रखती है। इस मौके पर वरिष्ठ सभासद प्रेमसिंह इंदौलिया, रामनरेश सभासद, गीतम सभासद, लाल बहादुर सभासद, लक्ष्मीकांत शुक्ला सभासद, गंगाराम माहौर सभासद प्रतिनिधि, ताहिर सभासद प्रतिनिधि, बहादुर सिंह, सुखवीर सिंह, आर के इंदौलिया बजरंगदल, सत्यभान लिपिक, नबाव सिंह, राजन वकील, बाबू, हरिओम, राजू जमादार आदि मौजूद रहे।

